## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", दैनिक जागरण, अमर उजाला, राष्ट्रीय सहारा, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### दैनिक जागरण–दि0 11.09.2024

# पापुलर हास्पिटल का पांच मंजिला अवैध निर्माण सील

जागरण संवाददाता, वाराणसी : नगवां और भेलूपुर वार्ड में सील भवनों में निर्माण जारी रहने और क्षेत्र में अवैध निर्माण मिलने पर विकास प्राधिकरण सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने जोनल अधिकारी, अवर अभियंता से जवाब-तलब करते हुए मौके पर पांच अवैध निर्माण को सील करवा दिया। ककरमत्ता के पास पापुलर हास्पिटल के अवैध निर्माण सील और मुकदमा दर्ज होने के बाद भी निर्माण जारी रहने पर सचिव ने अस्पताल प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर की। मौके पर पांच मंजिला अवैध निर्माण सील कराने के साथ अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अवैध निर्माण में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए रिपोर्ट बनाई जा रही है।

वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आरके सिंह से अवैध निर्माण के बारे में जानकारी लेने के



पापुलर हास्पिटल का अवैध निर्माण सील कराते वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा●

साथ नोटिस, सील और ध्वस्तीकरण पारित भवनों का टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण करने निकले।सचिव जहां-जहां गए वहां अवैध निर्माण जारी मिले। सचिव ने कहा कि अवैध निर्माण सील कराने के साथ उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए

- जोनल अधिकारी व अवर अभियंता से जवाब-तलब करते हुए मौके पर सील कराया पांचों अवैध निर्माण
- हास्पिटल सील होने के साथ ध्वस्तीकरण का आदेश पारित और दर्ज है मुकदमा

जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया है। एचएफएल क्षेत्र रामापुरी कालोनी में नागेश सिंह का भवन सील होने के साथ मुकदमा भी दर्ज है, फिर भी निर्माण जारी था।

**सबसे अधिक कार्रवाई, फिर भी अवैध निर्माण :** विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने सोमवार को जोन चार (नगवां व भेलूपुर वार्ड) की समीक्षा में पाया कि सबसे अधिक अवैध निर्माण हो रहा है। कहा कि दोनों वार्डों में सबसे अधिक कार्रवाई हो रही लेकिन अवैध निर्माण बंद नहीं होने से हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि कर्मचारियों की लापरवाही के चलते अवैध निर्माण जारी है। वीडीए सचिव ने भी पिछले सप्ताह समीक्षा बैठक में अवैध निर्माण पर नाराजगी जाहिर की थी। इससे नाराज सचिव मंगलवार को खुद क्षेत्र में अवैध निर्माण देखने निकले।

**इन भवनों को कराया सील**

- डा. अवधेश कुमार कौशिक व किरण कौशिक, ककरमत्ता (पापुलर हास्पिटल के पीछे) नगवां वार्ड मे बेसमेंट के अलावा पांच मंजिल व्यवसायिक।
- नागेश सिंह, रामापुरी कालोनी, भेलूपुर वार्ड मे बेसमेंट के अलावा पांच मंजिल होटल।
- गोपाल शंकर सिंह, विवेकानन्दपुरम कालोनी, नगवां वार्ड में चार मंजिल आवासीय।
- रामजी जायसवाल व श्यामजी जायसवाल, नगवां वार्ड मे नरिया साकेत नगर (प्लाट नंबर-53)।
- नरायण खेमका, गुरुधाम कालोनी, भेलूपुर वार्ड मे तीन मंजिल व्यवसायिक।

### दैनिक जागरण–दि0 11.09.2024

# वीडीए ने सील किए दो अवैध निर्माण

जासं, वाराणसी : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जोनल अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि आदमपुर वार्ड के हनुमान फाटक पर हाजी अब्दुल हसन और जैतपुरा वार्ड के हंस तल्ले में वकील अहमद अवैध तरीके से निर्माण कर रहे थे। अवैध निर्माण पर वीडीए ने नोटिस जारी करते हुए अवैध निर्माण बंद करने का निर्देश दिया था। दोनों अवैध निर्माण को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण–दि0 11.09.2024

# 29.53 करोड़ में उंदी ताल का होगा सुंदरीकरण

## पर्यटकों की सुविधा, हरियाली पर जोर, ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम कर रहा वीडीए

जेपी पांडेय • जागरण

वाराणसी : हरहुआ स्थित उंदी ताल में प्रस्तावित इको टूरिस्ट स्पाट (सिटी फारेस्ट) के सुंदरीकरण के लिए शासन ने 29.53 करोड़ रुपये जारी कर दिया है। उंदी ताल में पर्यटकों की सुविधा, हरियाली और जल संचयन पर ज्यादा जोर रहेगा। पूरे साल उंदी ताल में पानी रहे, इसके लिए अन्य विभागों से सुझाव लेने के साथ आसपास के नहरों से जोड़ने की योजना है। वीडीए उपाध्यक्ष ने अभियंताओं को उंदी ताल और उसके आसपास के नहरों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने को पहले ही कहा है। उंदी ताल को वीडीए ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में योजना बना रहा है। उंदी ताल का सुंदरीकरण होने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मंगलवार को अपर मुख्य सचिव व आवास एवं शहरी नियोजन के प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने बजट जारी कर दिया है।

उंदी ताल पर आसपास के लोगों का कब्जा था। जिला प्रशासन से उंदी ताल और आसपास की 78.5 एकड़ जमीन लेने के साथ वीडीए ने काफी मशक्कत कर कब्जा लिया था। वीडीए ने 3.20 करोड़ से उंदी ताल की लोहे की जाली से घेराबंदी कराई है। इसके अलावा अन्य काम भी कराए गए हैं। पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और बजट नहीं होने पर वीडीए प्रशासन ने तत्कालीन मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल के समक्ष समस्या रखी थीं। उन्होंने पर्यटन विभाग से उंदी ताल का सुंदरीकरण कराने का निर्णय लिया।

वीडीए ने दिल्ली की एजेंसी आधार शिला से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनवाकर शासन को भेजा। पर्यटन विभाग ने सहमति जताते हुए 24.95 करोड़ रुपये पर मुहर लगा दी। वीडीए बजट आने का इंतजार करी रहा था कि पर्यटन विभाग ने यूपीपीसीएल को काम दे दिया है। इस पर वीडीए ने काम कराने से साफ मना कर दिया था।



हरहुआ में उंदी ताल को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की योजना • जागरण

- पर्यटन हब होने के साथ स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार
- प्राधिकरण ने प्रस्ताव बनाकर भेजा था शासन को

**यह होंगी सुविधाएं :**

- मुख्य प्रवेश द्वार पर गार्ड हाऊस, शौचालय, दो व चार पहिया और बस पार्किंग, टिकट घर, रेंटल साइकिल क्षेत्र तथा गोल्फ कोर्ट क्षेत्र विकसित होगा।
- मबोटिंग क्षेत्र के अंतर्गत बोटिंग लेक व क्लब हाऊस (टिकट घर एवं पब्लिक यूटिलिटि के साथ)।
- मईको पार्क में साइकिल व पेडेसट्रीयन ट्रैक, चिल्ड्रेन प्ले एरिया, ओपेन जिम।
- मबुद्धा थीम पार्क में 4.37 एकड़ भूमि पर बौद्ध दर्शन पर आधारित लैंडस्केप के साथ औषधि पौधे युक्त बोटेनिकल गार्डन, ध्यान स्थल एवं तालाब आदि।
- मवेलनेस सेंटर एवं कैंपिंग जोन में भूमि पर वेलेनेस सेंटर एवं कैंपिंग जोन।
- मईको-जोन में जलाशयों एवं वेट लैंड के संरक्षण, जैव विविधता, जोन में साइकिल व पैदल ट्रैक (पथ), बायोलाजिकल / प्राकृतिक अपशिष्ट जल शुद्धिकरण प्रणाली, ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण प्रणाली, सौर ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन, बर्ड सेंचुरी, वाच टावर, जेट्टी, वनीकरण आदि।
- मपर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बांस के पुल और रास्ते बनाए जाएंगे।

"पर्यटन की दृष्टि से 29.53 करोड़ में उंदी ताल का सुंदरीकरण कराया जाएगा। भेजे गए प्रस्ताव पर शासन ने बजट जारी कर दिया है। जल्द ही प्रक्रिया पूरी करने के साथ टेंडर निकाला जाएगा।

-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


अमर उजाला–दि0 11.09.2024

## होटल और व्यावसायिक भवन सहित सात अवैध निर्माण सील

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने अस्पताल, होटल, व्यवसायिक निर्माण सहित सात अवैध निर्माणों को सील कराया। उन्होंने मंगलवार को नगवां व भेलूपुर वार्ड में निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई। अवैध निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया। नगवां वार्ड में डॉ अवधेश कुमार कौशिक और किरण कौशिक की ओर से पापुलर अस्पताल के पीछे ककरमत्ता में व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। गोपाल शंकर सिंह की ओर से विवेकानंद पुरम कॉलोनी में आवासीय निर्माण कराया जा रहा था। रामजी जायसवाल और श्यामजी जायसवाल की ओर से नरिया साकेत नगर में व्यवसायिक और आवासीय निर्माण कराया जा रहा था। भेलूपुर वार्ड में रामापुरी कालोनी के नागेश सिंह की ओर से होटल का निर्माण कराया जा रहा था। श्रीनारायण खेमका की ओर से व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इन सभी को सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया।

**पत्रकारपुरम की कम्युनिटी हॉल संचालक को नोटिस :** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पत्रकार पुरम कॉलोनी का निरीक्षण किया। यहां के कम्युनिटी हाल मे कमियां पाए जाने पर कम्युनिटी हाल संचालक को नोटिस देने को कहा। पार्क के साफ-सफाई एवं रखरखाव हेतु कॉलोनी के आरडब्ल्यूए के माध्यम से कराने को कहा। पार्क के जीर्णोद्धार के लिए अधिशासी अभियंता निर्माण को जिम्मेदारी दी। ब्यूरो

## मतदेय स्थल के लिए भवनों का होगा चयन

**वाराणसी।** मतदेय स्थल बनाने के लिए भवनों का चयन अधिकतम 1500 मतदाताओं के आधार पर किया जाएगा। इसे लेकर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी /उप जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक हुई। इसमें राजनैतिक पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदेय स्थलों के संशोधन प्रस्ताव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन मतदेय स्थलों पर 300 से कम मतदाता हैं, उन्हें अन्य मतदेय स्थलों के साथ जोड़ा जा सकता है। ब्यूरो

राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.09.2024

## पत्रकारपुरम पार्क का होगा कायाकल्प



**कम्युनिटी हॉल की दुर्व्यवस्था पर संचालक को नोटिस देने का निर्देश**

**वीडीए उपाध्यक्ष ने पत्रकारपुरम कॉलोनी का किया निरीक्षण**

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने मंगलवार को पत्रकार पुरम कॉलोनी का निरीक्षण किया। कॉलोनी में स्थित पार्क के साफ-सफाई एवं रखरखाव के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पार्क की साफ-सफाई नियमित होती रहे जिससे की पार्क में आने वाले लोगों को अच्छा महसूस हो। उन्होंने पार्क के जीर्णोद्धार कराये जाने के लिए अधिशासी अभियंता निर्माण को निर्देश दिया तथा कॉलोनी के कम्युनिटी हाल में कमियां पाए जाने पर कम्युनिटी हाल संचालक को नोटिस देने के निर्देश दिए। इस दौरान कॉलोनी के लोग भी उनके साथ मौजूद रहे और समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने एक-एक करके समस्याएं सुनी और उनका जल्द से जल्द समाधान करने का अश्वासन दिया। मौके पर संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, सहायक संपत्ति अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.09.2024


## वीडीए ने सील किए अवैध निर्माण

**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर मंगलवार को विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 में नगवा व भेलूपुर की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही की। वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने नगवां व भेलूपुर वार्ड में निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई। सचिव की उपस्थिति में अवैध निर्माण को सील कर स्थानीय थाना की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। पहली सीलिंग की कार्रवाई चितईपुर क्षेत्र के विवेकानंदपुरी में की गई। गोपाल शंकर सिंह पुत्र राम सूरत सिंह के निर्माण पर हुई। 200 वर्ग मीटर के प्लाट एरिया में जी+3 का निर्माण हो रहा था। भवन को सील किया गया। ऐसे ही भेलूपुर थाना क्षेत्र के लखरांव में की गई। अवधेश कुमार कौशिक व किरन कौशिक के निर्माणाधीन भवन को सील किया गया। मौजा ककरमत्ता में 750 वर्ग मीटर में निर्माण चल रहा था। लंका के साकेत नगर में राम जायसवाल व अन्य द्वारा निर्माण किया जा रहा था। ऐसे ही भेलूपुर वार्ड अंतर्गत गुरुधाम कालोनी के प्लाट नंबर 25 में निर्माण को भी सील किया गया। उक्त अनाधिकृत निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। इसी प्रकार विकास प्राधिकरण, जोन-2 की प्रवर्तन टीम ने अवैध निर्माण के बिरुद्ध सील की कार्यवाही की। वार्ड आदमपुर के अंतर्गत हाजी अब्दुल हसन पुत्र हाजी अब्दुल सलाम ने हनुमान फाटक तथा वार्ड-जैतपुरा के अंतर्गत वकील अहमद पुत्र हाजी नूरुद्दीन ने मुहल्ला हंस तल्ले में बिना मानहचत्र स्वीकृत कराये आवासीय भवन का अवैध निर्माण कराने पर स्थल को सील किया।

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन–दि0 11.09.2024

# वीडीए उपाध्यक्ष ने पत्रकार पुरम कॉलोनी का किया निरीक्षण



**वाराणसी (परफेक्ट मिशन)।** वीडीए के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा पत्रकार पुरम कॉलोनी का मंगलवार को निरीक्षण किया गया।

कॉलोनी में स्थित पार्क के साफ-सफाई एवं रखरखाव हेतु कॉलोनी के आर डब्लू ए के माध्यम से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं पार्क के जीर्णोद्धार कराये जाने के लिए अधिशासी अभियंता निर्माण को निर्देश दिया गया तथा कॉलोनी के कम्युनिटी हाल मे कमियां पाए जाने पर कम्युनिटी हाल संचालक को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। मौके पर संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल सहायक संपत्ति अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 11.09.2024

# उपाध्यक्ष वाविप्रा ने किया पत्रकार पुरम कॉलोनी का निरीक्षण



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा पुलकित गर्ग द्वारा पत्रकार पुरम कॉलोनी का निरीक्षण किया गया कॉलोनी में स्थित पार्क के साफ-सफाई एवं रखरखाव हेतु कॉलोनी कें के माध्यम से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया एवं पार्क के जीणीद्धार कराये जाने के लिए अधिशासी अभियंता निर्माण को निर्देश दिया गया तथा कॉलोनी के कम्युनिटी हाल मे कमियां पाए जाने पर कम्युनिटी हाल संचालक को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। मौके पर संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल सहायक संपत्ति अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 11.09.2024

# वीडीए ने सील किये अवैध निर्माण

वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 10 सितम्बर को सचिव के अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 में नगवा व भेलूपुर की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरूद्ध सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने नगवां व भेलूपुर वार्ड में निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध निर्माण पर कार्रवाई की गई। सचिव की उपस्थिति में अवैध निर्माण को सील कर स्थानीय थाना की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया।



पहली सिलिंग की कार्रवाई चितईपुर क्षेत्र के विवेकानंदपुरी में की गई। गोपाल शंकर सिंह पुत्र राम सूरत सिंह के निर्माण पर हुइ। 200 वर्ग मीटर के प्लाट एरिया में जी+3 का निर्माण हो रहा था। भवन को सील किया गया। ऐसे ही भेलूपुर थाना क्षेत्र के लखरॉव में की गई। ड़अवधेश कुमार कौशिक व किरन कौशिक के निर्माणाधीन भवन को सील किया गया। ड़ मैजा ककरमत्ता के आराजी नंबर 443 के भवन संख्या 10/12 के बगल में 750 वर्ग मीटर में निर्माण चल रहा था। ड़लंका के साकेत नगर में राम जायसवाल व अन्य द्वारा भवन संख्या बी-32/32-एस-53 का बेस+जी+3 का निर्माण हो रहा था। ड़ ड़ऐसे ही भेलूपुर वार्ड अंतर्गत गुरुधाम कालोनी के प्लाट नंबर 25 में निर्माण को भी सील किया गया। ड़ ड़उक्त अनिधिकृत निर्माण को सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया था। जोनल अधिकारी श्री प्रमोद तिवारी अवर अभियंता श्री राकेश कुमार सिंह व उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।


## न्यायाधीश–दि0 11.09.2024


### वाविप्रा ने अवैध निर्माण किया सील

वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में 10 सितम्बर को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध में सील की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत वार्ड-आदमपुर के अंतर्गत हाजी अब्दुल हसन पुत्र हाजी अब्दुल सलाम द्वारा भवन संख्या 30/30-" हनुमान फाटक तथा वार्ड-जैतपुर के अंतर्गत वकील अहमद पुत्र हाजी नूरुद्दीन द्वारा भवन संख्या 4/95"-1 मुहल्ला हंस तल्ले में बिना




मानचित्र स्वीकृत कराये आवासीय भवन का अवैध निर्माण कराये जाने पर आज दिनांक 10/08/2024 को उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा-27, 28 (1) एवं 28(2) के अन्तर्गत नोटिस एवं धारा-20 (क) की उपधारा-1 के अन्तर्गत स्थल को सील किया गया। इस दौरान जोनल अधिकारी संजीव कुमार अवर अभियंता विनोद कुमार उपस्थित रहे।

तरूणमित्र न्यूज–दि0 11.09.2024

# वीडीए वीसी ने पत्रकारपुरम कॉलोनी का निरीक्षण कर खामियों को दूर करने का दिया निर्देश



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग पत्रकारपुरम कॉलोनी के निरीक्षण के दौरान पत्रकारों से समस्या के बाबत वार्ता करते हुए

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा पत्रकार पुरम कॉलोनी का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान कॉलोनी में स्थित पार्क के साफ-सफाई एवं रखरखाव हेतु कॉलोनी के RWA के माध्यम से कराए जाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ हो पार्क का जीर्णोद्धार कराये जाने के लिए अधिशासी अभियंता निर्माण को निर्देश दिया। कॉलोनी के कम्युनिटी हाल में कमियां पाए जाने पर कम्युनिटी हाल संचालक को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। मौके पर संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल सहायक संपत्ति अधिकारी आदि उपस्थित रहे।